# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

पंक्षी रहस्य ज़तिंगा घाटी

वर्ष–1 अंक–2 अप्रैल–जून 2010


### मंडल का हिल सेक्शन

पूर्वोत्तर सीमा रेल का लामडिंग मंडल बी.जी. एवं एम.जी. रेल पथ का क्षेत्र है। मीटर लाइन का रेल पथ एन.सी. हिल, बराक घाटी तथा त्रिपुरा राज्य के ऊँची–नीची पहाड़ियों तथा घाटियों में फैला हुआ है। पूर्वोत्तर की यह सपनों की दुनिया पहाड़ों एवं घाटियों की एक अंतहीन गाथा है। एन.सी. हिल का माइबंग स्टेशन, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में डिमासा कछारी राज्य की राजधानी रहा है। हाफलंग, जतिंगा, हरंगाजाओ जैसे पर्वतीय रमणीय पर्यटन स्थलों का सीमित विकास हुआ है। इन वादियों एवं घाटियों की प्राकृतिक सुन्दरता अद्बितीय एवं चीर स्मरणीय है। मानसून के प्रारंभ होते ही एन.सी. हिल में यातायात बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। 8 जून 2010 की रात भारी वर्षा एवं भुस्खलन के कारण लामडिंग–बदरपुर खंड के बीच पुल संख्या 528 वर्षा की पानी में बह गया। हमारे संगठित प्रयासों से 24 घंटे में पुल का पुनरूद्धार कार्य पूरा कर यातायात बहाल करना एक चुनौती भरा संहर्षपूर्ण कार्य रहा।

क्षेत्र की जनता को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना हमारा अंतिम लक्ष्य है और यह प्रकृति एवं मानव संस्कृति के मध्य सामंजस्य बैठाते हुए रेल सेवा चुस्त–दूरूस्त बनाए रखना हमारा हरसंभव प्रयास होगा, साथ ही क्षेत्र के विकास में मंडल अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

मंडल की हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का प्रथम अंक रोचक एवं आकर्षक रहा। पत्रिका के नियमित प्रकाशन की कामना करते हुए मैं पत्रिका से जुड़े सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

मंडल रेल प्रबंधक

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से..

हम भली भॉति जानते हैं कि यह मंडल विषम भौगोलिक अवस्थिति में स्थित है तथा इन्ही विषमताओं के कारण समय–समय पर हमारी यातायात व्यवस्था बाधित एवं खंडित होती रहती है। बावजूद इसके हम संहर्षरत एवं प्रयत्नशील रह कर सभी प्रकार के अवरोधों को पार करते रहे हैं।

लामडिंग मंडल की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' के प्रथम अंक पर महाप्रबंधक महोदय का प्रशंसा–पत्र हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत है। कार्यालयीन कामकाज में सहजता लाने के उद्देश्य से पत्रिका, सहायक साहित्य आदि का प्रकाशन हिंदी के प्रयोग को आसान बनाने का भरसक प्रयास है। मैं यह उम्मीद करता हूँ कि मंडल के सभी विभागों/कार्यालयों में पत्रिका का अनुकूल प्रभाव राजभाषा हिंदी के विकास के पथ पर निरंतर प्रगति बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा।

'लामडिंग दर्पण' पत्रिका रेल कार्मिकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहे तथा मंडल की गतिविधियों को अपना कलेवर बना कर हमे प्रेरणा प्रदान करती रहे यही मेरी कामना है।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

### 55वॉ रेल सप्ताह समारोह

55वॉ रेल सप्ताह समारोह 10 अप्रैल 2010 को स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में एक रंगा–रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 2009–10 के दौरान मंडल में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए 84 एकल तथा 29 सामुहिक पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।



55वॉ रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर पुरस्कार प्रदान करते हुए मंडल रेल प्रबंधक

वर्ष 2009–10 में विविध क्षेत्रों में मंडल के कार्य निष्पादन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर मंडल को 07 दक्षता शील्ड (एकल तथा संयुक्त) सहित मीटर लाइन में उत्कृष्ट प्रचालन तथा द्बितीय बेस्टकेप्ट स्टेशन(कामाख्या स्टेशन) का प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस

7 अप्रैल 2010 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वाक्एथम एवं मेराथन रेस आयोजित कर स्थानीय जनता एवं रेल कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सचेत किया गया। साथ ही, रेस में विजयी प्रतिभागियों को मंडल महिला कल्याण संगठन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मेराथन रेस को झंडी दिखा कर रवाना करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अलक दास

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय परिसर में 16 अप्रैल 2010 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 119वीं जयंती का समारोह पूर्वक पालन किया गया। मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित हमारे संगठित यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भी इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## प्रदर्शनियाँ

### संस्कृति एक्सप्रेस

गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के 150वें जन्मजयंती के अवसर पर उनके साहित्यिक लेखन शैली, चिंतन, सृजन एवं दर्शनों पर आधारित विविध झाकियों से सुसज्जित संस्कृति एक्सप्रेस का कामाख्या स्टेशन पर 13 जून 2010 को श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने प्रदर्शनी का विधिवत उद्धाटन किया। 12 जून 2010 को मंडल के लामडिंग स्टेशन पर श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक के कर कमलों से संस्कृति एक्सप्रेस को प्रदर्शनी के लिए खोला गया, साथ ही स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में संस्कृति महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ।




लामडिंग स्टेशन पर संस्कृति एक्सप्रेस के आगमन का एक दृश्य

### रेड रिब्बन एक्सप्रेस

एचआईवी एवं एड्स जैसे भयावह बीमारियों के प्रति जनता को जागरूक करने तथा इनसे बचाव संबंधी विविध जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेड रिब्बन एक्सप्रेस को कामाख्या स्टेशन पर 23 से 25 जून, चापरमुख स्टेशन पर 26 से 28 जून, लामडिंग स्टेशन पर 29 एवं 30 जून तथा डिमापुर स्टेशन पर 01 एवं 02 जुलाई 2010 को प्रदर्शनी के लिए ठहराया गया। रेल कार्मिकों सहित क्षेत्र की जनता इन झाँकियों से लाभान्वित हुई।




रेड रिब्बन एक्सप्रेस के प्रदर्शनी का अवलोकन करते मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी



लक्ष्य को ही अपना जीवन-कार्य समझो। हर समय उसका चिंतन करो, उसी का स्वप्न देखो और उसी के सहारे जीवित रहो।

– स्वामी विवेकानंद

## यात्री एवं कार्मिक सुविधाएं

### मालीगॉव तथा लामडिंग मुख्यालय परिसर में शिशुनिकेतन का शुभारंभ

14 जून 2010 को लामडिंग मंडल मुख्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा शिशुनिकेतन का उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 15 जून 2010 को मालीगॉव मुख्यालय परिसर में नवीनीकृत शिशुनिकेतन का विधिवत उद्घाटन किया।




शिशुनिकेतन, लामडिंग का उद्घाटन करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित

### सेंट्रल रेल अस्पताल परिसर मालीगॉव में रेल हॉस्टल का उद्घाटन

श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 15 जून 2010 को मालीगॉव सेंट्रल रेल अस्पताल परिसर में रेल हॉस्टल का उद्घाटन किया।

### गुवाहाटी स्टेशन के परिभ्रमण क्षेत्र का विस्तार

श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 29 जून 2010 को गुवाहाटी स्टेशन के विस्तारित परिभ्रमण क्षेत्र का उद्घाटन किया। इससे गुवाहाटी स्टेशन परिसर में प्रवेश करने वाले वाहनों तथा यात्रियों को परिभ्रमण क्षेत्र में काफी स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

### आदर्श स्टेशन 'बदरपुर'

आदर्श स्टेशन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार मंडल के बराक घाटी क्षेत्र के बदरपुर स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में सुसज्जित करने का कार्य प्रगति पर है।

### पीएनएम बैठक

22 अप्रैल 2010 को पूर्वोत्तर सीमा रेल लामडिंग मंडल के ईम्पलाईज यूनियन की 84वीं बैठक संपन्न हुई।

### प्रेम बैठक

लामडिंग मंडल के मजदूर यूनियन, ईम्पलाईज यूनियन, रेल सुरक्षा बल संगठन, प्रोमोटी अधिकारी संगठन तथा अधिकारी संगठन जैसे सभी ग्रुपों के साथ 28 अप्रैल 2010 को प्रेम बैठक का आयोजन कर मंडल के काम काज में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया।

## आतंकवाद विरोध दिवस

आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से 21 मई 2010 को मंडल कार्यालय परिसर में आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली की वे आतंकवाद एवं हिंसा से सदा दूर रहेंगे।

## मंडल का हिल सेक्शन और मानसून

8 जून 2010 की रात भारी वर्षा एवं भुस्खलन के कारण लामडिंग–बदरपुर सेक्शन के दामचेरा–बंदरखाल स्टेशनों बीच पुल संख्या 528 वर्षा की पानी में बह गया। अनवरत वर्षा के बावजूद 24 घंटे के अथक प्रयास से पुल का पुनरूद्धार कार्य पूरा कर यातायात बहाल करना मंडल की एक विशेष उपलब्धि रही।



पुल संख्या 528 के साइट पर दिन–रात कार्य करते रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी

16 जून 2010 को हिल सेक्शन में मूसलाधार वर्षा के कारण बड़ी संख्या में भूस्खलन, पेड़ गिरने, और रेल पथ धस जाने की अनेक घटनाएं हुई। माईलंगडिसा– हरंगाजाओ सेक्शन में कि.मी.128 एवं कि. मी.130/04 पर लगभग 300 मीटर लंबा रेल पथ 2 से 3 मीटर तक खिसक गया। पुनरूद्धार का कार्य युद्धस्तर पर  चलाया गया। परन्तु एन. सी. हिल में 17 जून से 20 जून तक रेल रोको आंदोलन तथा मूसलाधार वर्षा के कारण रेल पथ का मरम्मत कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ तथा साइट का कार्य 2 जुलाई 2010 को पूरा कर यातायात बहाल किया जा सका। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने इन साइटों का निरीक्षण कर स्थिति का समीक्षा किया।



माईलंगडिसा–हरंगाजाओ सेक्शन में कि.मी.128 (उपर) एवं कि.मी.130/04 (नीचे) पर रेल पथ खिसकने का दृश्य एवं मरम्मत कार्य में लगे रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी



## प्रमुख विभागीय गतिविधियॉ

### सिगनल

**कामाख्या–** गुवाहाटी सेक्शन में चार समपार फाटकों पर विद्युतीय लिफ्टींग बेरियर, एकतीस समपार फाटकों को केन्द्रीयकृत बेटरी, पॉच समपार फाटकों पर गेट टेलीफोन तथा सात समपार फाटकों पर बेतार गेट टेलीफोन स्थापित कर समपार फाटकों की संचार व्यवस्था को दुरूस्त किया गया।

### चिकित्सा

लामडिंग में 9 अप्रैल 2010 को वहु उद्देश्यीय स्वास्थ्य जॉच शिविर आयोजित कर 150 रेल कार्मिकों के (Bone mineral Density) का जॉच किया गया। मलेरिया विरोधी अभियान के तहत 102 लीटर मलेरिया ऑयल तथा 62 के.जी. डी.डी.टी. का कॉलोनियो तथा स्टेशनों पर छिड़काव करवाए गए। रेल अस्पताल, लामडिंग के व्याख्यान हॉल में 20 मई 2010 को मधुमेह एवं मोटापा के नियंत्रण पर एक शिविर का आयोजन कर 151 कार्मिकों के मधुमेह तथा मोटापा से जुड़े बीमारियों के जॉच–परख एवं बचाव के तौर तरीके बतलाए गए।

### वाणिज्य

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जून 2010 तक यात्री आय में 11.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सभी स्टेशनों के टिकट बिक्री तथा यात्री आरक्षण प्रणाली का आय बढ़ोत्तरी की ओर है।

**माल अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जून 2010 तक माल आय में 56.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और न्यूगुवाहाटी एवं जागीरोड में अधिक कोयले की लदान के कारण लक्ष्य से 56.54 प्रतिशत की बढ़ोत्तर हुई है।

**अन्य कोचिंग अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जून 2010 तक अन्य कोचिंग आय में 48.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और गुवाहाटी, हयबरगॉव, लामडिंग, डिमापुर, कामाख्या एवं सिलचर स्टेशनों पर पार्सल के अधिक लदान के कारण लक्ष्य से 36.43 प्रतिशत की बढ़ोत्तर हुई है।

**टिकट जॉच से अर्जनः** अधिकारियों एवं निरीक्षकों के निरंतर गहन जॉच के परिणाम स्वरूप गत वर्ष के समान अवधि की तुलना में टिकट जॉच से संचयी आय में 56.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### इंजीनियरी

मंडल में विभाग द्वारा निम्नलिखित लक्ष्य प्राप्त किए गए– बी.जी. में टी. आर.आर/पी 6.35 कि.मी., बी.जी. में टी.एस.आर/पी 8.85 कि.मी., एम. जी. में टी.आर.आर/पी 3.07 कि.मी. एम..जी. में टी.एस.आर/पी 5.53 कि.मी., स्क्रेप 1878.535 मैंट्रिक टन का निपटान, हिल सेक्शन में 8 पुलों का निर्माण/पूर्णमरम्मत आदि प्रमुख कार्य रहा।

इस अवधि में गैर परंपरागत स्रोतों से रू. 21,06,178/– संग्रहित करना विभाग की एक विशेष उपलब्धि रही। इसमें भूमि लाइसेंस, जल प्रभार, भवन किराया, मजदूर कैम्प, अधिकारी विश्रामगृह प्रभार तथा निविदा बिक्रय आदि की मदें शामिल हैं।

होजाई, जखलाबंधा, सिलघाट टाउन, सेनचोवा, नगॉव एवं चापरमुख स्टेशनों के रेल परिसर तथा कालोनियों में रेल की भूमि पर अनधिकृत रूप से रह रहे कुल 80 अवैध दखलकारियों को रेल क्षेत्र से बेदखल किया गया।



"हिंदी हमारे देश की धड़कन है, जिसे देश के हित में गतिशील बनाए रखना हम सब की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।"
–राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर'

हमारी आकांक्षा जीवन रुपी भाव को इन्द्रधनुष का रंग देती है।

## न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड

श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 10 मई 2010 को न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड के नव निर्मित सभा कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया



महाप्रबंधक, श्री शिव कुमार का स्वागत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित तथा अन्य अधिकारीगण

इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा न्यू गुवाहाटी/डीजल शेड में नई तकनीक के 'एयर ब्रेक' एवं 'अंडर गीयर' अनुरक्षण सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक सहित मुख्यालय, मालीगॉव के अधिकारी भी उपस्थित थे। 'एयर ब्रेक' एवं 'अंडर गीयर' प्रणाली से डीजल इंजनों के 'एयर ब्रेक' एवं 'अंडर गीयर में पारदर्शिता आएगी।



'एयर ब्रेक' एवं 'अंडर गीयर' अनुरक्षण सुविधा का शुभारंभ करते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल

## कार्मिक कल्याण

- लंबी बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों को सहायता स्वरूप कुल 1,40,316/- रूपए वितरित किए गए।
- सेवा के दौरान मृत्यु हो जाने पर मृत कर्मचारी के परिजनों को सहायता स्वरूप कुल 27,000/- रूपए वितरित किए गए।
- यातायात विभाग के शंटिंग मास्टर के 28 पदों के लिए चयन तथा यॉत्रिक विभाग के दो उपयुक्तता जॉच तथा सात ट्रेड टेड टेस्ट संपन्न हुआ।
- मंडल में अनुकंपा के आधार पर 43 अभ्यर्थियों की रेल सेवा में नियुक्तियॉ की गई।

## राजभाषा की गतिविधियॉ

- अवधि के दौरान चार हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर 47 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।
- टेबल ट्रेनिंग के माध्यम से कार्मिक, यॉत्रिक, वाणिज्य, सुरक्षा, इंजीयिरी, बिजली तथा चिकित्सा विभाग के कार्यालयों में कुल 39 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के अभ्यास करवाए गए।
- शिलचर स्टेशन, हयबरगॉव स्टेशन तथा वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक, गुवाहाटी के कार्यालय का निरीक्षण कर राजभाषा के प्रगति का समीक्षा किया गया तथा कर्मचारियों को फाईलों/रजिस्टरों आदि में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए मार्गदर्शन भी दिए गए।
- मई/2010 सत्र में आयोजित हिंदी प्रवीण परीक्षा में लामडिंग, बदरपुर, चापरमुख तथा गुवाहाटी क्षेत्र से कुल 37 कर्मचारी एवं हिंदी प्राज्ञ परीक्षा में लामडिंग, चापरमुख तथा गुवाहाटी क्षेत्र से कुल 24 कर्मचारी परीक्षा में शामिल हुए।

## विविध

### अनारक्षित टिकट प्रणाली

मंडल में अप्रैल-जून2010 की अवधि में पाथरखोला, लमसाखंग, कामरूपखेत्री, बराहु, ढालपुखुरी, अगियाठुरी, बोकाजान, बरपथार, हयबरगॉव, बदरपुर, धानसिरी, सरूपथार, जिरनीया, मनु एवं आमबासा आदि स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली स्थापित किया गया।

### अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली

चापरमुख, जागीरोड तथा सरूपथार स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

### रेल हेड/गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली

आमबासा स्टेशन पर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली स्थापित की गई एवं मेघालय राज्य के नेहु में गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

### बहु उद्देश्यीय परिसर का निर्माण

अगरतला तथा डिमापुर स्टेशनों पर बहु उद्देश्यीय परिसर के निर्माण की योजना प्रगति पर है। परिसर का निर्माण हो जाने पर यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधाएं आस-पास उपलब्ध होगी।

### कामाख्या में ईओटी क्रेंन की स्थापना

कामाख्या कोचिंग परिसर के सीक लाइन में एक 10 टन क्षमता का ईओटी क्रेंन स्थापित किया गया। इससे अलर्टनेटर, ह्वील बदलने जैसे प्रमुख कार्य सीक लाईन/कामाख्या में ही किया जा सकेगा।



आप जिस तरह बोलते हैं, बातचीत करते हैं, उसी तरह लिखा भी कीजिए, भाषा बनावटी नहीं होगी।
– महावीर प्रसाद द्विवेदी


### संपादक एवं सहयोग

संरक्षक
अजीत पंडित
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
हरपाल सिंह
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

बलदेव सिंह,
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/सम.

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी

काजीरंगा ऑफसेट प्रिंटर्स,गेट नंबर-3,मालीगॉव,गुवाहाटी-11 द्वारा मुद्रित। मोबाइल सं.9954357859